जनसुनवाई में तराजू लेकर पहुंची पार्षद, फिर धरने पर बैठीं

पिछले 4 साल से मुक्तिधाम मार्ग से अतिक्रमण हटाने की मांग, लेकिन नहीं हो रही कार्रवाई

नवभारत न्यूज

सतना, 9 जून. नगर निगम के वार्ड क्रमांक 17 की भाजपा पार्षद श्रीमती ऊषा गंगा कुशवाहा ने मुक्तिधाम मार्ग से अतिक्रमण हटाने की मांग को लेकर अनोखा प्रदर्शन किया। उन्होंने जनसुनवाई के बाद अपने आवेदनों को तराजू पर तौलकर प्रशासन के समक्ष अपनी बात रखी। जिसके बाद एक बार फिर कलेक्टर को आवेदन सौंपकर धरने पर बैठ गईं।

पार्षद ऊषा गंगा कुशवाहा ने बताया कि मुक्तिधाम जाने वाले आम रास्ते से अतिक्रमण नहीं हटाया जा रहा है।

उन्होंने इस मुद्दे पर कई बार आवेदन दिए हैं। आवेदनों की संख्या बताने के बजाय उन्होंने उनका वजन करके अपनी बात रखी। पार्षद पति गंगा कुशवाहा के अनुसार, इन आवेदनों का कुल वजन लगभग 700 ग्राम हो चुका है, लेकिन इसके बावजूद कोई सुनवाई नहीं हुई है। पार्षद पति गंगा कुशवाहा ने बताया कि वे पिछले चार वर्षों से लगातार इस समस्या के समाधान के लिए आवेदन और निवेदन कर रहे हैं। इसके बावजूद प्रशासनिक स्तर पर अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।

निरीक्षण के बावजूद नतीजा शिफर

अधिकारी औपचारिक निरीक्षण करते हैं इस घटना के बाद मामला सार्वजनिक रूप से उठा था और प्रशासन ने स्थल निरीक्षण भी कराया था। हालांकि, पार्षद का आरोप है कि अधिकारियों ने केवल निरीक्षण की औपचारिकता निभाई और अतिक्रमण हटाने की दिशा में कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया, जिससे मामला ठंडे बस्ते में चला गया। पार्षद ने अपने पत्र में स्पष्ट किया है कि उनका यह कदम किसी प्रकार की धमकी नहीं, बल्कि एक जनप्रतिनिधि के रूप में जनता की समस्या को लेकर व्यक्त की गई पीड़ा है।

मोहल्ले में ही अंतिम संस्कार

कलेक्टर को संबोधित पत्र में पार्षद ने उल्लेख किया कि मेडिकल कॉलेज के समीप स्थित मुक्तिधाम तक पहुंचने वाले मार्ग पर दो व्यक्तियों द्वारा कथित रूप से अतिक्रमण कर लिया गया है। इससे आम लोगों को मुक्तिधाम तक पहुंचने में गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने 15 नवंबर 2025 की एक घटना का जिक्र किया, जब एक आदिवासी परिवार की महिला की मृत्यु होने पर रास्ता न होने के कारण मोहल्ले के बीच ही अंतिम संस्कार करना पड़ा था।

मेडिकल कॉलेज में आने वाली एनएमसी टीम का दौरा टला

सीट बढ़ाने को लेकर होना था निरीक्षण

नवभारत न्यूज

सतना, 9 जून. मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस की 50 अतिरिक्त सीटों की उम्मीद फिलहाल एनएमसी के निरीक्षण पर अटक गई है.

निरीक्षण दल के संभावित दौरे को लेकर कॉलेज में तैयारियां पूरी कर ली गई थीं, लेकिन टीम के नहीं पहुंचने से सीट वृद्धि की प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ सकी है. ऐसे में कॉलेज प्रशासन की तैयारियों के बावजूद पूरा मामला टीम के दौरे और उसकी रिपोर्ट पर आकर टिक गया है जानकारी के अनुसार शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय सतना में वर्तमान में एमबीबीएस की 150 सीटें स्वीकृत हैं. कॉलेज प्रबंधन ने आगामी सत्र से 50 अतिरिक्त सीटें बढ़ाने के लिए प्रस्ताव भेजा था . प्रस्ताव को मंजूरी मिलने पर सीटों की संख्या बढ़कर 200 हो जाएगी. सूत्रों के मुताबिक अतिरिक्त सीटों की मांग के साथ कॉलेज की ओर से आवश्यक दस्तावेज और जानकारी संबंधित स्तर पर भेजी जा चुकी थी . इसी क्रम में राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग की निरीक्षण टीम द्वारा कॉलेज का सत्यापन किया जाना था टीम को कॉलेज में उपलब्ध फैकल्टी, अस्पताल में मरीजों की संख्या, क्लिनिकल सुविधाएं, प्रयोगशालाएं, उपकरण, छात्रावास तथा अन्य अधोसंरचनात्मक व्यवस्थाओं का आकलन करना था .गौरतलब है कि

कुछ दिनों पहले मेडिकल कॉलेज में एनएमसी टीम के संभावित दौरे को लेकर तैयारियां तेज कर दी गई थीं. कॉलेज प्रशासन ने विभिन्न विभागों की व्यवस्थाओं की समीक्षा भी की थी, लेकिन निर्धारित समय में टीम का दौरा नहीं हो सका. हालांकि कॉलेज प्रबंधन का कहना है कि निरीक्षण प्रक्रिया समाप्त नहीं हुई है और आने वाले दिनों में टीम किसी भी समय कॉलेज पहुंच सकती है. निरीक्षण में सभी मानक संतोषजनक पाए जाने पर अतिरिक्त सीटों के प्रस्ताव को मंजूरी मिल सकती है. ऐसे में मेडिकल कॉलेज प्रबंधन के साथ-साथ चिकित्सा शिक्षा से जुड़े विद्यार्थियों की निगाहें भी अब एनएमसी टीम के संभावित दौरे पर टिकी हुई हैं.फिलहाल 50 अतिरिक्त सीटों का भविष्य निरीक्षण और उसके बाद आने वाली रिपोर्ट पर निर्भर है. टीम के दौरे के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि आगामी शैक्षणिक सत्र से मेडिकल कॉलेज में सीटों की संख्या 150 से बढ़कर 200 होगी या नहीं.

कभी भी हो सकता है औचक निरीक्षण : डा . अमरेश

इस संबंध में मेडिकल कॉलेज के प्रचार प्रसारक डॉ . अमरेश मिश्रा ने बताया कि एनएमसी टीम के आने की संभावना थी, लेकिन फिलहाल टीम नहीं पहुंची है . उन्होंने कहा कि निरीक्षण की प्रक्रिया जारी है और एनएमसी की टीम आने वाले दिनों में कभी भी औचक निरीक्षण के लिए पहुंच सकती है .

एटीएम फ्रॉड के जरिए 76 हजार पार

सीसीटीवी फुटेज के जरिए तलाश में जुटी पुलिस

नवभारत न्यूज

सतना 9 जून. मदद के बहाने एटीएम का पिन पूछने के बाद खाते से दो बार में 76 हजार रु पार कर दिए गए. पीड़ित फरियादी द्वारा घटना की शिकायत थाने में की गई. जिसके आधार पर पुलिस द्वारा आरोपी की तलाश शुरु कर दी गई है.

जिले के रामपुर बघेलान थाना अंतर्गत ककलपुर निवासी शिव कुमार रजक पंजाब नेशनल बैंक के एटीएम में गए थे. जहां पर एक व्यक्ति पहले से मौजूद था जो फोन पर बात करने का नाटक कर रहा था. शिव ने जैसे ही एटीएम कार्ड को ऑपरेट करने का

प्रयास किया वैसे ही वहां पर मौजूद उक्त व्यक्ति ने मदद की पेशकश कर दी. उसकी बातों में आकर शिव ने एटीएम का पिन बता दिया. इसी दौरान मौका देख व्यक्ति ने एटीएम कार्ड बदल दिया. जिसके बाद शिव के खाते से 71 हजार और 5 हजार यानी कुल 76 हजार रु पार कर दिए गए. लिहाजा ठगी का शिकार हुए शिव ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई.

जल्द पकड़ा जाएगा आरोपी

रामपुर बघेलान थाना प्रभारी संदीप चतुर्वेदी के अनुसार मामले की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए फौरन ही साइबर सेल को अलर्ट कर दिया गया . वहीं सीसीटीवी फुटेज के जरिए आरोपी की पहचान के प्रयास जारी हैं . संभावना जताई जा रही है कि जल्द ही आरोपी को दबोच लिया जाएगा .

अधेड़ की हत्या के आधा दर्जन आरोपी गिरफ्तार

आरोपियों में 3 अवयस्क भी शामिल

नवभारत न्यूज

सतना 9 जून. मैहर जिले के किरहाई बंधा टोला में एक अधेड़ मजदूर की कुल्हाड़ी मारकर हत्या किए जाने के मामले में अमरपाटन थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आधा दर्जन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया. जिसमें से 3 आरोपी नाबालिग बताए गए.

थाना प्रभारी विजय सिंह परस्ते से प्राप्त जानकारी के अनुसार 7 जून की रात में करहाई गांव में अधेड़ मजदूर सीताराम कोल की कुल्हाड़ी मार कर हत्या कर दिए जाने की घटना सामने आई थी. इस हत्या के पीछे की वजह विवाह संबंधी विवाद और जादू टोना

करने के संदेह के तौर पर सामने आई. इसी कड़ी में यह जानकारी भी मिली कि सीताराम पर हमला करने वाले में आधा दर्जन से अधिक लोग ामिल थे. लिहाजा पुलिस ने प्रकरण दर्ज करते हुए आरोपियों की तलाश शुरु कर दी. ताबड़तोड़ दबिश देते हुए पुलिस टीम ने आधा दर्जन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया. जिसमें 3 आरोपी नाबालिग पाए गए. पकड़े गए 3 आरोपियों की पहचान अमित कोल 19 वर्ष निवासी हिनौता कला, अशोक कोल उर्फ भइया 42 वर्ष निवासी जोबा और सनत रावत उर्फ छोटू 23 वर्ष निवासी हिनौता कला के तौर पर हुई. गिरफ्तार तीनों आरोपियों को जहां जेल भेज दिया गया. वहीं दूसरी ओर तीनों नाबालिग आरोपियों को बाल संप्रेषण गृह रीवा भेज दिया गया.

बारिश से पहले नाली सफाई की खुली पोल, कचरे से पटी

नवभारत न्यूज

सतना, 9 जून. पिछले सप्ताह हुई बारिश से शहर में हुई जल भराव की समस्या सामने आने पर महापौर द्वारा निगम प्रशासन पर सुस्त और बेपरवाह कार्यशैली अपनाने के गंभीर आरोप लगाये गए थे। जिसके बाद से नाले नालियों की सफाई ने थोड़ी गति भी पकड़ी।

लेकिन शहर के 2 वार्ड में जिस तरह नालियां कचरे से पटी हुई हैं, उससे ननि के स्वास्थ्य विभाग की कार्यशैली पर गंभीर सवाल ख? होने

लगे हैं। यदि शहर में एक घंटे की लगातार बारिश हुई तो हालात कितने खराब हो सकते हैं इसकी बानगी कचरे से पटी नालियों के जरिए की जा सकती है। बाजार क्षेत्र सहित कई मोहल्लों और वार्डों में जलभराव की गंभीर स्थिति उत्पन्न हो सकती है। खासकर शहर के वार्ड 40, व 41, वार्ड की नालियां गंदगी से पूरी तरह पटी हुई हैं। वहीं, नालियों के ऊपर किए गए अतिक्रमण के कारण उनका रखरखाव और सफाई कार्य भी प्रभावित हो रहा है, जिससे पानी का बहाव बाधित हो रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि नगर निगम का सफाई अमला बमुश्किल ही क्षेत्र में पहुंचता है। जब सफाई के लिए कर्मचारी आते भी हैं, तो नालियों पर अतिक्रमण का हवाला देकर औपचारिकता पूरी कर वापस लौट जाते हैं।

सफाई कर्मचारियों और अधिकारियों का भी कहना है कि शहर के कई हिस्सों में नालियों के ऊपर अतिक्रमण होने से सफाई कार्य में भारी दिक्कत आती है। अतिक्रमण हटाने के लिए संबंधित विभागों से अपेक्षित सहयोग नहीं मिलने के कारण समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो पा रहा है। ऐसे में बारिश के मौसम में जलभराव और जनजीवन प्रभावित होने की आशंका बनी हुई है।

समान नागरिक संहिता पर जनपरामर्श संबंधी बैठक आज

सतना 09 जून. मध्यप्रदेश में समान नागरिक संहिता के संबंध में अध्ययन एवं परीक्षण हेतु गठित उच्च स्तरीय समिति द्वारा जिले में जनपरामर्श एवं सुझाव प्राप्त करने के लिए 10 जून को दोपहर 3 बजे जिला पंचायत सतना के सभागार में समिति के सदस्य एवं विधि विशेषज्ञ अनूप नायर की अध्यक्षता में बैठक आयोजित होगी। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट सतना डॉ. सतीश कुमार एस द्वारा जारी आदेश के अनुसार बैठक के सफल आयोजन के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत शैलेन्द्र सिंह को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

अंडरपास पर हुए जानलेवा गड्ढा, हादसे का आमंत्रण

नवभारत न्यूज

सतना, 9 जून. सतना से मैहर को जोड़ने वाले बाईपास सड़क के पहले अंडरपास पर एक तरफ का मार्ग बंद होने और बीच सड़क पर बने गहरे गड्ढे के कारण वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

यह स्थिति किसी भी समय बड़े हादसे का कारण बन सकती है। तिघरा मोड अंडर ब्रिज जो कि रामवनपथ गमन को जोड़ने वाला मार्ग है। सालों से इस अंडर ब्रिज

के हालत बद से बदतर बने हुए है। आलम यह है कि इस अंडरपास पर लगभग ढाई फीट के जानलेवा गड्ढे मुंह बाए खड़े है। इस समस्या के चलते न सिर्फ राहगीरों को खासी परेशानी झेलनी प? रही है बल्कि यहाँ पर किसी भी दिन बड़ा हादसा सामने आ सकता है। ऐसा भी नहीं है कि यहां से केवल आमजन ही गुजरते है बल्कि जिले से अभी आला अधिकारी और जनप्रतिनिधि भी यहां से होकर जाते हैं। लेकिन इस पर किसी का ध्यान नहीं जाता। लिहाजा मौत के ये गड्ढे किसी भी दिन किसी ब?ी दुर्घटना का सबब बन सकते हैं।

कांग्रेस का उपवास सत्याग्रह आज

नवभारत न्यूज

सतना, 9 जून. मध्य प्रदेश राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस की अधिकृत प्रत्याशी सुश्री मीनाक्षी नटराजन का नामांकन रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा सत्ता के दबाव में आकर अवैधानिक और अनुचित तरीके से निरस्त कर दिया गया है।

जिला कांग्रेस कमेटी सतना शहर प्रवक्ता अमित गोयल ने जानकारी देते हुए बताया कि लोकतंत्र की इस खुलेआम हत्या और सत्ता के दुरुपयोग के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी, सतना द्वारा कल, दिनांक 10 जून 2026 (बुधवार) को पुराने पॉलिटेक्निक के सामने %उपवास सत्याग्रह% करेगी। भारतीय जनता पार्टी द्वारा बिना चुनाव के ही मनमाने तरीके से परिणाम हासिल करने की यह साजिश जनता के सामने लाई जाएगी। जिला कांग्रेस कमेटी, सतना समस्त मोर्चा प्रकोष्ठ एवं विभाग के अध्यक्ष अपने कार्यकारिणी एवं सदस्यगण, कांग्रेस के सभी पार्षद व पार्षद प्रत्याशिगण, कांग्रेस कार्यकर्ताओं, वरिष्ठ कांग्रेस जनों और आम जनमानस से अपील करती है कि वे इस उपवास सत्याग्रह में शामिल होकर लोकतंत्र की रक्षा की इस मुहिम में अपना सहयोग प्रदान करें।

मैहर जिले की जनसुनवाई में आये 134 आवेदन

मैहर 09 जून. कलेक्टर मैहर श्रीमती बिदिशा मुखर्जी के निर्देशन में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार मैहर में आयोजित जनसुनवाई में अपर कलेक्टर संजना जैन ने जिले के विभिन्न अंचलों से आये 134 आवेदकों की समस्याओं पर सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को निराकरण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर एसडीएम मैहर श्रीमती दिव्या पटेल, डिप्टी कलेक्टर आशिमा पटेल सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

सोशल मीडिया पर पोजिंग पड़ी भारी

कट्टे के साथ वाडियो वायरल करने वाला गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

सतना, 9 जून. सोशल मीडिया के जरिये कट्टे के साथ वाडियो वायरल होने वाले अपचारी बालक को सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया।

थाना प्रभारी सिटी कोतवाली रावेन्द्र द्विवेदी से प्राप्त जानकारी के अनुसार शोसल मीडिया के जरिये कट्टे के साथ वायरल वीडियो जिसमें एक व्यक्ति एक अदद कट्टा के साथ इंन्ट्ग्राम में फोटो अपलोड किया था वीडियो वायरल होने पर वीडियो को संज्ञान में लिया जाकर मुखबिरो द्वारा वीडियो में वायरल होने वाले व्यक्ति की पुष्टि की गयी तथा दबिस दी जाकर उसके पास से एक 315 बोर का देशी कट्टा मिला जिसे जप्त कर धारा 25/27 आर्म्स एक्ट का प्रकरण पंजीबध्द किया गया।

व्यंकट 1 में 11वीं के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू

सतना 09 जून. जिले के शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय व्यंकट क्रमांक-1 सतना में कक्षा 11वीं (सत्र 2026-27) के लिए गैर संस्थागत विद्यार्थियों हेतु प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। विद्यालय के प्राचार्य कमलेश सिंह बघेल ने बताया कि इच्छुक विद्यार्थी एमपी ऑनलाइन के माध्यम से 9 जून से 16 जून 2026 तक ओएसएमएस पोर्टल पर अपना रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं।

एक नजर में

कायस्थ समाज ने राहगीरों को वितरित की छाछ

सतना । कायस्थ समाज द्वारा भीषण गर्मी से राहगीरों को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से मंगलवार को धवारी चौराहे में छाछ वितरण सेवा का आयोजन किया गया किया। इस अवसर पर बबलू मौर्य, राजकुमार त्रिपाठी,विष्णु प्रकाश श्रीवास्तव, डॉ डी के निगम,प्रदीप श्रीवास्तव, सतीश निगम, अखिलेश निगम, अनिल निगम, राजेंद्र श्रीवास्तव, राज श्रीवास्तव, सुधीर निगम, उमेश चंद्र श्रीवास्तव,जीतेन्द्र कुमार, जय श्रीवास्तव, दीपक श्रीवास्तव, पवन श्रीवास्तव, राजीव अर्गल, अनिल श्रीवास्तव के सराहनीय सहयोग के लिए पवन खरे ने आभार व्यक्त किया।

भाजपा संगठन की महत्वपूर्ण बैठक आज

सतना- भाजपा जिला संगठन की महत्वपूर्ण बैठक आज 10 जून को भरहुत नगर स्थित पार्टी कार्यालय मे आयोजित की गई है। भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी अतुल सिंह परिहार ने जानकारी देते हुए बताया कि भाजपा जिलाध्यक्ष पं . भगवती प्रसाद पाण्डेय की अध्यक्षता मे होने वाली इस बैठक मे संगठनात्मक मुद्दो के साथ आगामी कार्य योजना के सम्बन्ध मे महत्वपूर्ण चर्चा की जायेगी। आपेक्षित श्रेणी के सभी वरिष्ठ नेताओ एवं पदाधिकारियो से बैठक मे आवश्यक रुप से शामिल होने की अपील की गई है।

सीएमएचओ ने अस्पताल का लिया जायजा

सतना, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ . मनोज शुक्ला ने जिला चिकित्सालय सतना का औचक निरीक्षण कर मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं, दवा वितरण, साफ-सफाई एवं मरीजों को उपलब्ध सुविधाओं का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने गर्भवती महिलाओं एवं मरीजों से संवाद कर उपचार एवं स्वास्थ्य सेवाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान सीएमएचओ ने 卐सुरक्षित मातृत्व को बढ़ावा देने का एक दशक卐 अभियान अंतर्गत संचालित गतिविधियों की समीक्षा की तथा स्वास्थ्य कर्मियों को गर्भवती महिलाओं को समय पर जांच, परामर्श एवं संस्थागत प्रसव की सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

कलश यात्रा के साथ शिव महापुराण कथा का शुभारंभ

सतना। संत मोतीराम आश्रम में महंत स्वामी खिम्यादास जी के सानिध्य में 30 दिवसीय आयोजित संजीवनी महोत्सव की कड़ी में 9 जून मंगलवार को प्रात :खेरमाई मंदिर से ऐतिहासिक कलश यात्रा निकाली गई। श्रद्धा,भक्ति और उत्साह से ओतप्रोत इस विशाल कलश यात्रा में बड़ी संख्या में मातृशक्ति, श्रद्धालुओं एवं संत भक्तों ने भाग लेकर धर्ममय .वातावरण का निर्माण किया कलश यात्रा मंदिर परिसर से प्रारंभ होकर संत मोतीराम आश्रम में संपन्न हुई।

ननि की जन सुनवाई में पहुंची 22 शिकायतें

नवभारत न्यूज

सतना, 9 जून. राज्य शासन के निर्देशानुसार नगर पालिक निगम सतना में मंगलवार को जनसुनवाई का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान सत्यम मिश्रा उपायुक्त (वित्त) और अरविन्द प्रताप सिंह स्वास्थ्य अधिकारी उपस्थित रहे।

जन-सुनवाई में कुल 22 आवेदन प्राप्त हुए। विभागवार जानकारी के अनुसार अतिक्रमण शाखा से संबंधित 01 आवेदन,

सामान्य प्रशासन से संबंधित 01 आवेदन, विकास कार्य से संबंधित 05 आवेदन, जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित 05 आवेदन, राजस्व किराया शाखा से संबंधित 01 आवेदन, पेयजल शाखा से संबंधित 05 आवेदन एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के 04 आवेदन प्राप्त हुए। प्रस्तुत आवेदनों पर प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को उनके आवंटन, आवेदनों में कमियों एवं आवेदनों की अद्यतन स्थिति की जानकारी से अवगत कराया गया।

कलेक्टर ने सुनी 163 आवेदकों की समस्यायें

नवभारत न्यूज

सतना 09 जून. मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने सतना जिले के विभिन्न अंचलों से पहुंचे 163 आवेदकों की समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिए।

जनसुनवाई के दौरान ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों से आए आवेदकों ने भूमि

विवाद, राजस्व रिकॉर्ड सुधार, सिंचाई, बिजली, पानी, सड़क निर्माण, पेंशन, छात्रवृत्ति, आवास योजना तथा अन्य लोक कल्याणकारी योजनाओं से जुड़ी शिकायतें प्रस्तुत की। कलेक्टर ने प्रत्येक आवेदन को गंभीरता से लिया और संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा के भीतर समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर विकास सिंह, डिप्टी कलेक्टर संदीप परस्ते द्वारा भी आवेदकों की समस्याएं सुनी गई।

अस्पताल रोड पर चला अतिक्रमण हटाओ अभियान, दर्जनों गोमती, ठेला जब्त

नवभारत न्यूज

सतना, 9 जून. शहर के व्यस्ततम मार्गों में शामिल जिला अस्पताल रोड पर एक बार फिर प्रशासन ने मंगलवार को अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। इस दौरान दर्जनों ठेले गुमटी हटा दिये गए। लेखी हर बार की तरह इस बार भी कार्रवाई के कुछ देर बाद कुछ अतिक्रमणकारी वापस लौट आये।

एसडीएम रघुराजनगर राहुल सिला?या, डीएसपी ट्रैफिक संजय खरे, नगर निगम अतिक्रमण दस्ता प्रभारी दीपक बागरी के नेतृत्व में संयुक्त टीम ने मंगलवार की दोपहर अचानक जिला अस्पताल रोड पर

पहुंच कर कार्रवाई शुरू कर दी। इस दौरान कन्या महाविद्यालय के गेट से शुरू करते हुए अस्पताल रोड पर मौजूद सारे अतिक्रमण हटाये गए। सड़क किनारे लगाए गए अवैध ठेले, गुमटियां और अन्य अतिक्रमण को जब्त करते हुए वाहनों पर लाद दिया गया। यह कार्रवाई लगभग घंटे भर तक जारी रही। जिसके बाद टीम वापस लौट गई। कार्रवाई के दौरान प्रशासनिक अधिकारियों ने अतिक्रमणकारियों को स्पष्ट चेतावनी

दी कि सार्वजनिक मार्ग पर दोबारा कब्जा किए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। हालांकि, प्रशासनिक टीम के मौके से रवाना होते ही कई ठेला संचालकों द्वारा पुन: सड़क किनारे कब्जा कर ठेले लगाने की तैयारी शुरू कर दी गई। वहीं दूसरी ओर इस कार्रवाई पर इसलिए भी सवाल ख? होने लगे कि ऐसे लोगों के ठेले गुमटी भी उठा लिए गए जो न सिर्फ निजी भूमि पर मौजूद थे, और उनका अतिक्रमण से कोई लेना देना नहीं था। जबकि वास्तविक अतिक्रमणकारी टीम को देखते ही मौके से भाग निकले और टीम के जाते ही अतिक्रमण करना शुरू कर दिया।

अक्सर लगता है जाम

स्थानीय लोगों का कहना है कि जिला अस्पताल रोड पर लगातार अतिक्रमण होने से मरीजों, उनके परिजनों और आम नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। वहीं यातायात भी प्रभावित होता है और अक्सर जाम की स्थिति बन जाती है।